# डॉ0 मदन मोहन झा, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-1/210/410 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या मंत्री जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:<br>(क) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर, मनीगाछी, बिरौल, बहेड़ी, अलीनगर, बहादुरपुर सहित लगभग सभी प्रखंडों में चापाकल सुख जाने से पानी की कमी के कारण हाहाकार मचा हुआ है ; | वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर, बिरौल, बहेड़ी, मनीगाछी, अलीनगर एवं बहादुरपुर में मुख्य रूप से पुरानी कमला नदी, जीवछ नदी एवं जीवछ कमला नदी प्रवाहित होती है। जो वर्तमान में मृतप्राय हो गयी है ।<br>माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में पुरानी कमला धार, जीवछ नदी, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण कार्य कराया जा रहा है, जिसे वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्ण कराया जाना है ।<br>कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इन नदियों के पुनर्जीवित होने से प्रश्नगत प्रखंडो में जल की उपलब्धता बढ़ायी जा सकेगी । |
| (ख) क्या यह सही है कि इन क्षेत्रों के नदियों में सालों भर जल प्रवाह रहता था, किन्तु अब से नदियॉ गर्मी के मौसम में सुख जाती है ; | |
| (ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी प्रखंडों में पानी की गंभीर समस्याओं से मुक्ति एवं उक्त नदियों में सालों भर जल प्रवाह योग्य बनाने हेतु अतिशीघ्र कोई ठोस कदम उठाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ? | |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–34 / 2025–                    पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 210वें सत्र से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01 / 210 / 410 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–34 / 2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–34 / 2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–34 / 2025– 3690 पटना, दिनांक– 04/08/2025

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01.08.25
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव
1/8/25